उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 20.05.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में वर्चुअल जनसुनवाई का आयोजन किया गया, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांकः 20.05.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय में जनपद के सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं समस्त थाना प्रभारियों/दिवसाधिकारियों के साथ गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई का आयोजन किया गया।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आये हुए फरियादियों से उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना एवं उनका विधिक एवं त्वरित समाधान सुनिश्चित करने हेतु वर्चुअल रूप से जुड़े समस्त अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

उन्होंने निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से किया जाए, जिससे आमजन को न्याय एवं राहत मिल सके।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा ने यह भी स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहते हुए प्रत्येक स्तर पर बेहतर पुलिसिंग सुनिश्चित की जाएगी।





# महोबा पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 20.05.2025**

**मीडिया सेल, महोबा**

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा बैंकों, बस स्टैण्ड में भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांकः- 20.05.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद की पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु व्यापक अभियान चलाया गया।

जनपद के समस्त थानाक्षेत्रों में पुलिस बल द्वारा बैंकों का गहन निरीक्षण किया गया, जिसमें बैंक परिसर में लगे सुरक्षा उपकरणों अग्निशामक यंत्र, अलार्म सिस्टम, सीसीटीवी कैमरे आदि की कार्यशीलता की जाँच की गई। बैंक के आस-पास खड़े संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की भी सघन चेकिंग की गई।

इसके अतिरिक्त बस स्टैण्ड क्षेत्र में गश्त करते हुए विभिन्न बसों एवं ऑटो वाहनों की तलाशी ली गई एवं संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर आवश्यक पूछताछ की गई। यात्रियों से संवाद स्थापित करते हुए सुरक्षा संबंधी सुझाव लिए गए एवं उन्हें सतर्क रहने की सलाह दी गई।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा संबंधित थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो एवं आमजन में सुरक्षा का विश्वास सुदृढ़ हो।

जनपद पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि वे किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें तथा शांति एवं सौहार्द बनाए रखने में सहयोग करें।

इसी क्रम में आम जनमानस से संवाद स्थापित कर उनको धोखा-धड़ी, जालसाजी, ठगी/टप्पेबाजी से बचाव हेतु जागरूक किया गया।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 20.05.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनपद महोबा में बीट कार्य प्रणाली को प्रभावी एवं सुदृढ बनाये जाने हेतु थानों से आये महिला बीट पुलिस अधिकारियों की बीट बुक को चेक किया गया, दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांकः 20.05.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं जनसुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस कार्यालय में बीट प्रणाली की समीक्षा की गई। बैठक में जनपद के प्रत्येक थाने से एक-एक महिला बीट पुलिस अधिकारी को आमंत्रित कर उनकी बीट बुक का अवलोकन एवं निरीक्षण किया गया।

पुलिस अधीक्षक ने महिला बीट पुलिस अधिकारियों को बीट प्रणाली की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से अपने-अपने बीट क्षेत्रों में भ्रमण करें एवं बीट बुक को अद्यतन एवं सुव्यवस्थित रखें। उन्होंने यह भी कहा कि महिला बीट पुलिसकर्मी अपने क्षेत्र में सतत् सक्रियता बनाए रखें एवं अपने-अपने बीट क्षेत्र में महिलाओं से संवाद स्थापित कर महिला सम्बन्धित शिकायती सूचनाओं का समय से संकलन करें, जिससे महिला सम्बन्धी अपराधों में कमी लायी जा सके तथा सभी प्रविष्टियों को पूर्ण, प्रामाणिक एवं पारदर्शी ढंग से दर्ज करें।

पुलिस अधीक्षक ने इस दौरान बीट बुक चेक करते हुए पुलिस की प्राथमिकता पर बल देते हुए कहा कि ऐसी उत्तरदायी कार्यशैली से पुलिस और जनमानस के बीच विश्वास की डोर और अधिक मजबूत होगी, जिससे अपराध नियंत्रण में सहायता मिलेगी एवं कानून व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सकेगा।



